माँ गौरी के लाल आओ कीर्तन में

माँ गौरी के लाल आओ कीर्तन में,
आओ कीर्तन में तुम आओ कीर्तन में...

मंदिर सजा के करूं वंदन में,
प्यारी प्यारी छवि दिखलाओ कीर्तन में,
माँ गौरी के लाल आओ कीर्तन में....

पहले गजानन तुमको मनाऊ,
संग सारे देव बुलाऊँ कीर्तन में,
माँ गौरी के लाल आओ कीर्तन में....

सिर पे मुकुट मुसे की सवारी,
ठुमक ठुमक चले आओ कीर्तन में,
माँ गौरी के लाल आओ कीर्तन में....

रिद्धी सिद्धी को तुम साथ में लाना,
शुभ और लाभ को लाओ कीर्तन में,
माँ गौरी के लाल आओ कीर्तन में....

लड्डू और मोदक भोग धरे है,
आओ आके भोग लगाओ कीर्तन में,
माँ गौरी के लाल आओ कीर्तन में....

विनति सुनो अमर की देवा,
भक्तो के काम बनाओ कीर्तन में,
माँ गौरी के लाल आओ कीर्तन में.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25584/title/maa-gauri-ke-laal-aao-kirtan-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |